दक्षिण अमेरिका

इस महाद्वीप का आकार त्रिभुजाकार है तथा इस महाद्वीप का अधिकांश भाग दक्षिण गोलार्द्ध में स्थित है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह विश्व का चौथा बड़ा महाद्वीप है।

इसके उत्तर में **कैरीबियन सागर** , पूर्व में अटलांटिक महासागर, पश्चिम में प्रशान्त महासागर और दक्षिण में अंटार्कटिक महासागर स्थित हैं।

उत्तर में **पनामा नहर** द्वारा यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप से पृथक होती है।

भूमध्य रेखा इस महाद्वीप के उत्तरी भाग से एवं मकर रेखा मध्य से गुजरती है जिसके कारण इसका अधिकांश भाग उष्ण कटिबन्ध में पड़ता है।

भूमध्य रेखा दक्षिणी अमेरिका के तीन देश **इक्वाडोर, कोलम्बिया** और **ब्राजील** से होकर गुजरती है।

मकर रेखा दक्षिणी अमेरिका के चार देश **चिली, अर्जेन्टीना, पराग्वे** और **ब्राजील** से होकर गुजरती है।

दक्षिणी अमेरिका का कोलम्बिया एक ऐसा देश है जो दो महासागरो (प्रशान्त और अटलांटिक महासागर) को स्पर्श करता है।

इस महाद्वीप के दक्षिण भाग में **टिएरा डेल फुएगो** नामक द्वीप है जो **मैगलन जल संधि** द्वारा मुख्य भाग से जुड़ा है। इसके दक्षिण पूर्व मे **फाकलैंड द्वीप** समूह है (जिस पर यू. के. का अधिकार है)।

बोलीविया और पराग्वे दक्षिण अमेरिका के दो स्थलरुद्ध देश है’।



इटाविरा ब्राज़ील का प्रमुख लौह अयस्क खनन केंद्र है।
ब्राज़ील की **अमापा खान** विश्व मे मैगनीज की सबसे बड़ी खान है ।
ब्राज़ील मे कहवा का सर्वाधिक उत्पादन होता है जो **साओपोलो** व उसके आस पास के क्षेत्रो में होता है। यहा कहवा के बागानो को **फजेड़ा** कहा जाता है। ब्राज़ील को विश्व का कहवा पात्र कहा जाता है। **सैंटोस** विश्व का सबसे बड़ा कहवा निर्यातक बन्दरगाह है।
अटाकामा मरुस्थल मे नाइट्रेट का भंडार है।
चिली विश्व में नाइट्रेट का सबसे बड़ा उत्पादक है। नाइट्रेट से उर्वरक तैयार किया जाता है।
वेनेजुएला, ट्रिनिडाद व टोबैगो से तेल निकाला जाता है। वेनेजुएला का **मरैकेबो झील** तेल के लिए प्रसिद्ध है तथा यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी लवणीय झील हैं ।
बोलीविया टिन उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।
चुक्कीकमाता पठार जो चिली मे स्थित है तांबे के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इसे विश्व की तांबा राजधानी' कहा जाता है।
इसी मरुस्थल में **एरिका** नामक विश्व का सबसे शुष्कतम जगह हैं ।
यहाँ की सर्वप्रमुख सभ्यता **इंका** की सभ्यता थी जिसका अधिकारक्षेत्र पेरू, ईक्काडोर, बोलीविया तथा अर्जेंटीना और चिली के उत्तरी भागों में फैला हुआ था।

इक्काडोर का **'गैलापागोस' द्वीप'** **'ओलिव रिडले कछुए'** का प्राकृतिक प्रजनन केंद्र है।
एंडीज माउंटेन पर्वत श्रृंखला, हिमालय के बाद विश्व की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला है, इस महाद्वीप पर स्थित है।
माउंट **अकांकागुआ** इस महाद्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है।
बोलिविया पठार एंडीज पर्वत श्रृंखला के बीच में स्थित है।



माउंट **कोटोपैक्सी** जो विश्व का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है।

प्रमुख नदियां: अमेज़ॅन नदी, नेग्रो नदी, पराग्वे नदी, ओरिनोको नदी, और पराना नदी। ओरीनिको नदी के बेसिन क्षेत्र में **लानोस घास** के मैदान स्थित हैं |

अमेज़ॅन नदी सबसे विशाल और विश्व की दूसरी सबसे लंबी नदी है। यह एंडीज में निकलती है और ब्राजील होते हुए, अटलांटिक महासागर में समां जाती है।

प्रमुख झील: टिटिकाका झील, माराकाइबो झील.

टिटिकाका झील (बोलिविया और पेरू की सीमा पर स्थित है), यह विश्व का सबसे ऊचा नौकायन झील है जो बोलिवियाई पठार पर स्थित है

एंजल्स फॉल्स विश्व का सबसे उच्चय झरना है, जो गुयाना के पठार पर स्थित है।

इस महाद्वीप के **पंपास** क्षेत्र में, अत्यधिक पौष्टिक अल्फाल्फा घास उगाया जाता है।

ब्राजील, कोलंबिया और इक्वाडोर कॉफी के उत्पादन में विश्व के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक हैं।

ONE PLATFORM